भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 784

जिसका उत्तर मंगलवार 07 फरवरी, 2017 को दिया जाना है

**एचएमटी यूनिटों का बंद होना**

**784. श्री राजन विचारे:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तीन अलाभकारी एचएमटी यूनिटों को बंद करने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने घड़ियों के निर्माण को बंद करने का भी निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या तीन अलाभकारी एचएमटी यूनिटों के कर्मचारियों को आकर्षक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना दिए जाने की संभावना है जो 2007 के वेतनमान पर से जुड़ी होगी; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

**(क):** जी, हां। आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने दिनांक 06 जनवरी, 2016 को हुई अपनी बैठक में एचएमटी वाचिज लिमिटेड, एचएमटी चिनार वाचिज लिमिटेड और एचएमटी बेयरिंग्स लिमिटेड को बंद करने और भारी उद्योग विभाग के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए अनुमोदित रोडमैप के संदर्भ में इच्छुक कर्मचारियों को एक आकर्षक वीआरएस पैकेज की पेशकश करके और वीआरएस का विकल्प न चुनने वाले कर्मचारियों की औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अंतर्गत छंटनी करके सभी कर्मचारियों को कार्यमुक्त करने का अनुमोदन दिया है।

एचएमटी चिनार वाचिज लिमिटेड और एचएमटी बेयरिंग्स लिमिटेड के सभी कर्मचारियों और एचएमटी वाचिज लिमिटेड के 813 कर्मचारियों, जिन्होंने वीआरएस का विकल्प चुना था, को कार्यमुक्त कर दिया गया है और प्रतिपूर्ति का भुगतान कर दिया गया है।

**(ख):** जी, हां। एचएमटी वाचिज लिमिटेड और एचएमटी चिनार वाचिज लिमिटेड में घड़ियों का निर्माण बंद कर दिया गया है।

**(ग) और (घ):** जी, हां। एचएमटी वाचिज लिमिटेड, एचएमटी चिनार वाचिज लिमिटेड और एचएमटी बेयरिंग्स लिमिटेड के सभी कर्मचारियों को लोक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों में छूट देते हुए 2007 नोशनल वेतनमान (1992 वेतनमानों पर उनको दिए जा रहे वेतन की तुलना में) पर आकर्षक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) और 2007 नोशनल वेतनमानों पर ही उपदान और छुट्टी नकदीकरण की पेशकश की गई है।

******